# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने आज नई दिल्ली में PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के 119वें  वार्षिक अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया

## मोदी जी पहले मुख्यमंत्री और फिर लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन कर 23 वर्षों से लोकतांत्रिक तरीके से जनता का विश्वास जीतते आ रहे हैं

## मोदी जी के अंदर विजन, एक्सपीरिएन्स और कमिटमेंट का अद्भुत मेल है

## PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, औद्योगिक समुदाय और सरकार के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है

## PHD चैंबर को सरकार की नीतियों, योजनाओं व विज़न को ज़मीन पर उतारने और उद्योग जगत की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करना है

## भारत को हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम बनाने की नींव मोदी जी ने 10 वर्षों में डालने का काम किया

## मोदी जी ने देश को पॉलिसी पैरालिसिस से निकाल पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस स्थापित किया

## पहले अर्थव्यवस्था में Fragile Five में गिने जाने वाला भारत, आज

## मोदी जी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था में Bright Spot बन कर उभरा है

## 2014 से पहले पूरी तरह से चरमराई हुई सरकारी बैंकिंग प्रणाली को मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2023-24 में ₹1.40 लाख करोड़ का मुनाफा हुआ

## मोदी सरकार ने 2000 से अधिक औपनिवेशिक कानूनों और 39,000 से अधिक कंप्लायंसेस को समाप्त कर लोगों का जीवन आसान बनाया

## मोदी जी ने ₹50 हज़ार करोड़ की लगत से रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की है, जो आने वाले 25 वर्षों में भारत को विश्व में रिसर्च के क्षेत्र में शीर्ष पर ले जायेगा

## केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा जी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

## रतन टाटा जी न केवल देश बल्कि दुनिया भर में एक सम्मानीय उद्योगपति रहे, वे जिस लेगेसी को छोड़ कर जा रहे हैं, वह लंबे समय तक देश के उद्योग जगत के लोगों का मार्गदर्शन करेगी

## रतन टाटा जी ने अपने ट्रस्ट के माध्यम से देश की सभी समस्याओं का समाधान करते हुए एक अच्छे समाज का निर्माण करने का काम किया

प्रविष्टि तिथि: 10 OCT 2024 7:04PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के 119वें वार्षिक अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस वर्ष के वार्षिक सत्र का मुख्य विषय "विकसित भारत @ 2047: उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर" था। कार्यक्रम में उद्योग जगत के लगभग 1500 व्यवसायी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकर्स, अधिवक्ता आदि ने भाग लिया।




संबोधन की शुरूआत में केन्द्रीय गृह मंत्री ने अपने प्रसिद्ध उद्योगपति श्री रतन टाटा जी को श्रद्धांजलि दी। श्री अमित शाह ने कहा कि श्री रतन टाटा जी न सिर्फ भारतीय उद्योग जगत बल्कि पूरे विश्व के एक सम्माननीय उद्योगपति रहे। उन्होंने टाटा समूह का नेतृत्व एक ऐसे समय में संभाला जब टाटा समूह को अनेक प्रकार के परिवर्तनों की ज़रूरत थी और श्री टाटा ने स्थिति को समझकर धैर्यपूर्वक टाटा समूह के सारे उद्योगों और कार्यपद्धति को परिवर्तित किया। श्री शाह ने कहा कि आज भी टाटा समूह भारत के उद्योग जगत में एक ध्रुव तारे के समान है। उन्होंने कहा कि श्री टाटा ने शुचिता के साथ और सभी कायदे-कानूनों का पूरी पालन करते हुए अपने उद्योग समूह को देश और विश्व में प्रमुख स्थान पर पहुंचाया। श्री शाह ने कहा कि श्री रतन टाटा ने अपने ट्रस्ट के माध्यम से देश की सभी समस्याओं का समाधान करते हुए एक अच्छे समाज के निर्माण का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि श्री रतन टाटा की विरासत लंबे समय तक देश के औद्योगिक क्षेत्र में नेतृत्व करने वाले लोगों को रास्ता दिखाती रहेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ये वर्ष भारत के औद्योगिक जगत के लिए बहुत निर्णायक सिद्ध होने वाला है और ऐसे ही समय में PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के 119वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज दुनियाभर के देशों में एक प्रकार से विश्वास का संकट दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी पहले मुख्यमंत्री और फिर देश का प्रधानमंत्री बनकर लगातार 23 साल से लोकतांत्रिक तरीके से जनता का विश्वास जीतते आ रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि स्थिरता के बिना नीतियों पर अच्छे से अमल नहीं हो सकता और सुरक्षा तथा विकास भी सुनिश्चित

नहीं होते। उन्होंने कहा कि स्थिरता ही नीतियों, विचारों और विकास में सततता लाती हैं। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने 10 साल तक इतने बड़े देश को अनेक समस्याओं से मुक्त किया और वे लगातार तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज का विषय "विकसित भारत @ 2047: उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर" बहुत उचित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हम सबके सामने 2 लक्ष्य रखे हैं – 2047 में जब देश की आज़ादी की शताब्दी मनाई जाएगी उस वक्त भारत एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बन जाएगा और 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों लक्ष्यों को सिद्ध करने के लिए मोदी जी पिछले 10 साल से अनेक प्रकार की नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, भारत को दुनिया में मैन्युफेक्चरिंग का हब बनाने, निवेश-फ्रेंडली इकोसिस्टम खड़ा करने, स्किल्ड वर्कफोर्स के निर्माण, शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने, एडवांस्ड कम्प्यूटिंग तकनीक जैसी सभी उभरती तकनीकों में भारत को पायनियर बनाने, डीप-सी, मैरीटाइम इकोनॉमी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नई शुरूआत करने के लिए दूरदर्शिता के साथ कई नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नीतियां भी बनाई हैं और उन पर अमल करने के लिए सतत प्रयास भी किए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, औद्योगिक समुदाय और सरकार के बीच की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार की नीतियों, योजनाओं और विज़न को ज़मीन पर उतारने और उद्योग जगत की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम PHD चैंबर को करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों मे हमने काफी कुछ हासिल किया है। विश्व की सबसे लंबी हाई-वे सुरंग, विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, मुंबई के विश्वप्रसिद्ध ट्रांस-हार्बर लिंक और कोलकाता की अंडरवाटर मेट्रो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण पिछले 10 साल में हुआ है। श्री शाह ने कहा कि अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में समुद्र के नीचे बिछी ऑप्टिकल फाइबर से दूरदराज के इलाकों में कनेक्टिविटी लाकर वहां के व्यापार अवसरों का दोहन करने और सुरक्षा की दृष्टि से भी इन द्वीपों को मजबूत बनाने का काम हुआ है।

श्री अमित शाह ने कहा कि चंद्रमा पर शिवशक्ति पॉइंट पर जब तिरंगा फहराया गया तो उस पर सभी भारतीयों को गर्व है, सागरमाला परियोजना से देश के अविकसित रह सारे क्षेत्रों को जोड़ना, वंदे भारत एक्सप्रेस का जाल बुनकर देश में सुविधापूर्ण यात्रा का एक नया एवेन्यू खोलना। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग से हमारी ज़रूरतों के साथ पूरे विश्व की जरूरतों को भी पूरा करने की दिशा में आगे जाना, इलेक्ट्रिक वाहनों में एक नई क्रांति लाना, एफडीआई को रिकॉर्ड स्तर पर ले जाकर विश्व में चौथे नंबर का विदेशी मुद्रा भंडार बनना हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हम विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती स्टार्टअप इकोनामी हैं, हमने विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम सफलतापूर्वक लॉन्च किया है और आज कई देश इसे स्वीकार भी कर रहे हैं। इसके साथ ही कोऑपरेटिव के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना भी मोदी जी लेकर आए हैं। श्री शाह ने कहा कि फूड सिक्योरिटी से लेकर हेल्थ सिक्योरिटी तक सभी आयामों को हमने कवर किया है और एक प्रकार से आने वाले 25 साल में हर क्षेत्र में विश्व में भारत सर्वप्रथम हो, इसकी नींव डालने का काम पिछले 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा कि विजन, एक्सपीरियंस और कमिटमेंट का सुखद मिलन एक व्यक्ति के अंदर हो और वह व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री हो, तो देश को इससे कितना फायदा होता है मोदी जी इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं।




श्री अमित शाह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र में जनता ही तय करती है कि सरकार का नेतृत्व किसके हाथ में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक अध्ययन किए बिना हम सही मूल्यांकन नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि 2014 और 2024 की देश की तुलनात्मक स्थिति देखने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सभी लोग कहते थे कि हमारे देश को पॉलिसी पैरालिसिस हो गया है, नीतियां नहीं बनती है, लेकिन मोदी जी ने पॉलिसी पैरालिसिस को समाप्त, ढेर सारी नीतियों का सृजन कर, पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस स्थापित करने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि आज कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां स्थायी नीति का निर्माण नहीं हुआ। पहले भारत को fragile five में गिना जाता था लेकिन आज IMF हमें वैश्विक अर्थव्यवस्था में bright spot कहता है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत देश में जोजिला टनल से लेकर चेनाब का रेल ब्रिज और असम का ब्रिज हम सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि पहले भारत में डबल डिजिट इन्फ्लेशन हुआ करता था लेकिन आज हम विश्वास के साथ डबल डिजिट ग्रोथ की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई साल से हमारा ग्रोथ रेट G20 देशों में सबसे ज्यादा है। श्री शाह ने कहा कि पहले वैश्विक निवेशकों का विश्वास भारत पर से उठ चुका था लेकिन आज भारत मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक अच्छा डेस्टिनेशन बन चुका है। 2021-22 में 85 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड FDI प्राप्त करने में हमने सफलता प्राप्त की है। आज डिजिटल पेमेंट जैसे कई क्षेत्रों में हम शीर्ष पर हैं। 2014 से पहले

12 लाख करोड़ के घोटाले भ्रष्टाचार हुए थे लेकिन मोदी सरकार के 10 साल में हमारे विरोधी भी हम पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा पाए हैं, इस प्रकार की पारदर्शी सरकार का एक नमूना हमने पेश किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद, बम धमाके, नक्सलवाद इस देश के लिए नासूर बन चुके थे लेकिन आज हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र या नॉर्थ ईस्ट हो, हमने आतंकवाद और उग्रवाद को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में हम पहले 142 नंबर पर थे आज 63 नंबर पर हैं। उन्होंने कहा कि पूरी बैंकिंग प्रणाली चरमरा गई थी जबकि वर्ष 2023 24 में सरकारी बैंकों को 1.40 लाख करोड़ रूपए का मुनाफा हुआ है। हर क्षेत्र में नई नीतियां आई हैं और उनके आधार पर देश आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर देश को आगे बढ़ाना है तो देश की शिक्षा नीति नई होनी चाहिए और मोदी जी नई एजुकेशन पॉलिसी नीति लेकर आए जिसमें हमने अपनी धरोहर को समाहित करते हुए शिक्षा को ग्लोबल बनाया है। उन्होंने कहा कि GST, Digital India, भारतमाला, सागरमाला, पीएम गतिशक्ति, स्टार्टअप इंडिया जैसे कई सारे इनीशिएटिव्स ने चारों दिशाओं में देश को आगे ले जाने का काम किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने Minimum Government, Maximum Governance के तहत 2000 अप्रचलित औपनिवेशिक कानूनों को समाप्त कर दिया है और अनेक क्षेत्रों में 39000 से अधिक कंप्लायंस को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 10 साल में 80 करोड लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज फ्री ऑफ कॉस्ट दिया जा रहा है, 4 करोड गरीबों को घर, 15 करोड घरों में नल से जल, 11 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से ज्यादा घरों में टॉयलेट बनाने का काम मोदी जी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने करोड़ों लोगों की सारी चिंताएं समाप्त कर भारत को 130 करोड़ का मार्केट बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब देश में 60 करोड लोग देश की विकास की प्रक्रिया से ही जुड़े ना हों तो देश कभी विकास नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज 130 करोड लोग देश की विकास की प्रक्रिया के साथ जुड़ चुके हैं और इसी कारण हमारा ग्रोथ रेट आगे बढ़ा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने रिसर्च के क्षेत्र में बहुत सारे काम किए हैं। 50 हज़ार करोड़ रूपए के साथ पहली बार रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल में भारत विश्व में रिसर्च के क्षेत्र में शीर्ष पर होगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक क्षेत्रों में बहुत काम किया है। इंटरनेट यूजर्स के मामले में हम दुनिया में दूसरे नंबर पर जबकि ग्लोबल फिनटेक अडॉप्श्न रेट और स्मार्टफोन डाटा खपत के मामले में पहले नंबर पर हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में रोज़ होने वाले डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में से आज आधे भारत में हो रहे हैं।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अब भारत के उद्योगों को अपना साइज और स्केल दोनों बदलने की दिसा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कंपनियों को ग्लोबल बनाने की ज़रूरत है और विश्वभर में भारत का दबदबा बनाने के लिए हमारे चैंबर्स, उद्योगों को निर्णय लेने चाहिएं।

*****

**आरके / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2063933) आगंतुक पटल : 251

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Odia , English , Urdu , Marathi , Assamese , Gujarati , Telugu , Kannada